Roll No. ....

DD–2023

B. Com. (Part II) EXAMINATION, 2020

(Group—I : Compulsory)

Paper First

CORPORATE ACCOUNTING

Time : Three Hours

Maximum Marks : 75

Minimum Pass Marks : 25

नोट : सभी पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक इकाई से एक प्रश्न करनां अनिवार्य है। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

Attempt all the *five* questions. *One* question from each Unit is compulsory. All questions carry equal marks.

इकाई—1

(UNIT—1)

1\. भारत लि. ने प्रत्येक ₹ 10 के 200000 समता अंशों के निर्गमन हेतु आवेदन आमंत्रित किये। राशियाँ निम्न प्रकार देय थीं :

आवेदन पर ₹ 3 प्रति अंश, आबंटन पर ₹ 5 प्रति अंश, प्रथम एवं अंतिम याचना पर ₹ 2 प्रति अंश।

300000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए थे और सभी आवेदकों को यथानुपात आबंटन किया गया था।

'बजाज' ने, जिसे 3000 अंश आबंटित किए गए थे, आबंटन तथा याचना राशि का भुगतान नहीं किया। उसके अंश हरण कर लिए

गए थे। हरण किए गए अंशों में से 2500 अंश ₹ 8 प्रति अंश, पूर्णदत्त रूप में पुनः निर्गमित किए गए थे।

उपयुक्त लेन-देनों को अभिलेखित करने के लिए आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए।

Bharat Ltd. invited applications for issuing 200000 equity shares of ₹ 10 each. The amount was payable as follows :

On applications ₹ 3 per share, on allotment ₹ 5 per share, and on first and final call ₹ 2 per share.

Applications for 300000 shares were received and pro-rata allotment was made to all the applicants.

'Bajaj', who was allotted 3000 shares failed to pay the allotment and call money. His shares were forfeited. Out of the forfeited shares 2500 shares were reissued as fully paid up @ ₹ 8 per share.

Pass the necessary journal entries to record the above transactions.

अथवा

(*Or*)

ऋणपत्रों के शोधन से आप क्या समझते हैं ? ऋणपत्रों के विमोचन (शोधन) की विभिन्न विधियों को समझाते हुए संबंधित पंजी प्रविष्टियाँ भी दर्शाइए।

What do you understand by redemption of debentures ? Explain the methods for redemption of debentures along with the relevant journal entries.

इकाई—2

(UNIT—2)

2. कम्पनी अधिनियम, 2013 के अनुसार एक कम्पनी के चिट्ठे का नमूना दीजिए तथा प्रत्येक मुख्य शीर्षक की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

Give a specimen form of Balance Sheet of a Company according to Companies Act, 2013 and explain each main head in brief.

अथवा

(*Or*)

निम्नांकित दायित्वों के साथ ए. बी. कम्पनी लि. का समापन हुआ :

(i) रक्षित लेनदार ₹ 20,000 (₹ 25,000 प्रतिभूतियों से प्राप्त हुए)।

(ii) पूर्वाधिकारी लेनदार ₹ 6,000।

(iii) अरक्षित लेनदार ₹ 30,500। समापन व्यय ₹ 252 हुए।

समापक (निस्तारक) वसूल हुई धनराशि का 3% तथा अरक्षित लेनदारों को वितरित की गई राशि का 1.5% पारिश्रमिक प्राप्त करने का अधिकारी है। विभिन्न सम्पत्तियों से ₹ 26,000 वसूल हुए जिनमें ऐसी संपत्तियाँ सम्मिलित नहीं हैं जो पूर्ण रक्षित लेनदारों के पास हैं।

निस्तारक का अन्तिम विवरण खाता बनाइए।

निस्तारक अपना पारिश्रमिक बेची गई कुल सम्पत्तियों से प्राप्त धन पर लेने का अधिकारी है जिसमें वे प्रतिभूतियाँ भी सम्मिलित हैं जो पूर्ण रक्षित लेनदारों के पास हैं।

AB Company Limited went into liquidation with the following liabilities :

(i) Secured Creditors ₹ 20,000 (Securities realised ₹ 25,000).

(ii) Preferential creditors ₹ 6,000.

(iii) Unsecured Creditors ₹ 30,500. Liquidation expenses were ₹ 252.

Liquidator's remuneration 3% on the amount realised and 1.5% on the amount distributed to unsecured creditors.

₹ 26,000 were realised from various assets and this amount does not include those securities which are with secured creditors.

Prepare Liquidator's Final Statement of Account. Liquidator is entitled for remuneration on the amount realised on all the assets including those which are with the secured creditors.

इकाई—3
(UNIT—3)

3. लक्ष्मी लिमिटेड का चिट्ठा 31 मार्च, 2019 को निम्नांकित था :

	विवरण	टिप्पणी सं.	राशि (₹)
I.	**समता एवं दायित्व :**		
	(1) अंशधारियों का कोष :		
	(अ) अंश पूँजी	1	2,00,000
	(ब) संचय एवं अतिरेक		70,000
	(2) अंश आवेदन राशि आबंटन लंबित		Nil
	(3) गैर-चालू दायित्व :		
	दीर्घकालिक उधार	2	1,00,000
	(4) चालू दायित्व :		
	व्यापारिक देय		30,000
	योग		4,00,000
II.	**संपत्तियाँ :**		
	गैर-चालू और चालू संपत्तियाँ		4,00,000
	योग		4,00,000

लेखे संबंधी टिप्पणियाँ : विवरण	राशि (₹)
(1) अंश पूँजी :	
2000 समता अंश ₹ 100 प्रति अंश	2,00,000
	2,00,000
(2) दीर्घकालिक उधार :	
सुरक्षित ऋण	1,00,000
10% ऋणपत्र	1,00,000

विविध संपत्तियों का बाजार मूल्य ₹ 5,00,000 है तथा कम्पनी की औसत आय कम्पनी के ऋणपत्रों पर ब्याज देने के पश्चात् किन्तु 30% आयकर देने के पूर्व ₹ 1,40,000 वार्षिक है। वैसी ही अन्य कम्पनियों में आय की सामान्य दर 10% है।

आपको अंशों का उचित मूल्य निर्धारित करना है।

On 31st March, 2019 the Balance Sheet of Laxmi Ltd. was as follows :

	Particulars	Note No.	Amount (₹)
I.	**Equity and Liabilities :**		
	(1) Shareholder's Funds :		
	(a) Share Capital	1	2,00,000
	(b) Reserve and Surplus		70,000
	(2) Share Application Money Pending Allotment		Nil

	(3) Non-Current Liabilities :		
	Long-term Borrowings	2	1,00,000
	(4) Current Liabilities :		
	Trade Payable		30,000
	Total		4,00,000
II.	**Assets :**		
	Non-current and Current Assets		4,00,000
	Total		4,00,000

Notes to Accounts :

Particulars	**Amount (₹)**
(1) Share Capital :	
2000 Equity Shares of ₹ 100 each	2,00,000
	2,00,000
(2) Long-term Borrowings :	
Secured Loan	1,00,000
10% Debentures	1,00,000

Market value of the sundry assets is ₹ 5,00,000. The average earnings of the company after making payment for the interest to debentures but before paying for the income tax at 30% rate comes to ₹ 1,40,000 per annum. Normal rate of return in similar companies is 10%. Compute the fair value of shares.

अथवा

(Or)

ख्याति का क्या अर्थ है ? एक व्यापार की ख्याति को सामान्यतः कौन-से तत्व प्रभावित करते हैं ? ख्याति के मूल्यांकन की विभिन्न विधियों का वर्णन कीजिए।

What is meant by goodwill ? What factors generally affect the goodwill of a business ? Discuss the different methods of valuing goodwill.

इकाई—4

(UNIT—4)

4. निम्नांकित चिट्ठा सुभाष लि. का है :

विवरण	**राशि (₹)**
I. समता एवं दायित्व :	
अंशधारी का कोष :	
अंश पूँजी :	
4000, 8% पूर्वाधिकार अंश ₹ 10 वाले	40,000
30000 समता अंश ₹ 10 वाले	3,00,000
संचय एवं आधिक्य :	
लाभ-हानि विवरण (विक. शेष)	(80,000)
चालू दायित्व :	
व्यापारिक देय	60,000
	3,20,000

II. सम्पत्तियाँ :	
गैर-चालू सम्पत्तियाँ :	
स्थायी संपत्तियाँ :	
मूर्त संपत्तियाँ :	
भवन	1,60,000
मशीनरी	80,000
फर्नीचर	20,000
चालू सम्पत्तियाँ :	
व्यापारिक प्राप्य	50,000
अन्य चालू सम्पत्तियाँ :	
असमापित अंशों के निर्गमन पर कटौती	10,000
	3,20,000

कम्पनी असफल हुई और पुनर्निर्माण की निम्नांकित योजना पास की गई :

(i) पूर्वाधिकार अंशों की संख्या वही रही पर प्रति अंश राशि घटाकर ₹ 6 कर दी गई।

(ii) समता अंशों की संख्या वही रही पर प्रति अंश राशि ₹ 6 से कम कर दी गई।

(iii) उस उपलब्ध राशि का उपयोग अंशों के निर्गमन पर कटौती एवं लाभ-हानि के डेबिट शेष की राशियों को पूर्ण रूप से अपलिखित करने के लिए किया गया तथा ₹ 60,000 भवन के, ₹ 30,000 मशीन के, ₹ 6,000 फर्नीचर के और शेष व्यापारिक प्राप्यों के अपलिखित करने में प्रयोग किया गया।

इन व्यवहारों का जर्नल में लेखा कीजिए तथा पुनर्निर्माण के पश्चात् कम्पनी का चिट्ठा बनाइए।

Following is the Balance Sheet of Subhash Ltd. :

Particulars	Amount (₹)
I. Equity and Liabilities :	
Shareholder's Funds :	
Share Capital :	
4000, 8% Pref. shares of ₹ 10 each	40,000
30000 Equity shares of ₹ 10 each	3,00,000
Reserve and Surplus :	
Statement of P & L (Dr. Balance)	(80,000)
Current Liabilities :	
Trade Payables	60,000
	3,20,000
II. Assets :	
Non-current Assets :	
Fixed Assets :	
Tangible Assets :	
Building	1,60,000
Machinery	80,000
Furniture	20,000
Current Assets :	
Trade Receivables	50,000
Other Current Assets :	
Unamortised discount on issue of shares	10,000
	3,20,000

Company proved unsuccessful and the following scheme of reconstruction is passed :

(i) Preference shares be reduced to an equal number of fully paid shares of ₹ 6 each.

(ii) Equity shares be reduced by ₹ 6 each though total number of equity shares will remain the same.

(iii) That the amount thus available for the reduction of the assets is apportioned as follows :

Discount on issue of share and debit balance of P & L, to be written-off entirely, ₹ 60,000 off the buildings, ₹ 30,000 off the machines, ₹ 6,000 off the furnitures and the balance available to be written off trade receivables.

Pass journal entries and prepare Balance Sheet after reconstruction.

अथवा

(Or)

विलय के स्वभाव और क्रय के स्वभाव के एकीकरण से आप क्या समझते हैं ? इन दोनों में क्या अन्तर है ?

What do you mean by amalgamation in the nature of merger and nature of purchase ? What is the difference between the two ?

इकाई—5

(UNIT—5)

5. 31 मार्च, 2019 को A लिमिटेड और B लिमिटेड के संक्षिप्त दायित्वों एवं संपत्तियों के विवरण निम्न प्रकार थे। B लि. A लि. की सहायक कम्पनी है :

विवरण	'A' लिमिटेड (₹)	'B' लिमिटेड (₹)
देयताएँ :		
अंश पूँजी	1,80,000	1,00,000
लाभ-हानि विवरण-पत्र	35,000	–
लेनदार	80,000	30,000
	2,95,000	1,30,000
सम्पत्तियाँ :		
विविध संपत्तियाँ	1,90,000	80,000
देनदार	50,000	25,000
सहायक कंपनी में अंश ₹ 10 वाले 8000 अंश (लागत पर)	55,000	–
लाभ-हानि विवरण-पत्र	–	25,000
	2,95,000	1,30,000

'A' लिमिटेड के देनदारों में ₹ 10,000 की एक राशि शामिल है जो 'B' लिमिटेड द्वारा देय है। 1 अक्टूबर, 2018 को 'A' लिमिटेड ने 'B' लिमिटेड के अंश प्राप्त किए। इस तिथि को सहायक कम्पनी के लाभ-हानि विवरण-पत्र में ₹ 40,000 का डेबिट शेष था।

मिश्रित दायित्वों व संपत्तियों का विवरण बनाइए।

The following are the summarized detailed of liabilities and assets of 'A' Limited and 'B' Limited as at 31st March, 2019. B Ltd. is a subsidiary company of A Limited :

Particulars	A Ltd. (₹)	B Ltd. (₹)
Liabilities :		
Share Capital	1,80,000	1,00,000
Statement of Profit & Loss	35,000	–
Creditors	80,000	30,000
	2,95,000	1,30,000

Assets :		
Sundry Assets	1,90,000	80,000
Debtors	50,000	25,000
Shares in Subsidiary Co. 8000 shares of ₹ 10 each (at cost)	55,000	–
Statements of Profit & Loss	–	25,000
	2,95,000	1,30,000

The debtors of A Ltd. include ₹ 10,000 due from 'B' Ltd. 'A' Ltd. acquired the shares of 'B' Ltd. on 1st Oct., 2018 when the subsidiary company had a debit balance of Statement of Profit & Loss of ₹ 40,000.

Prepare Consolidated Balance Sheet.

अथवा

(*Or*)

सूत्रधारी कम्पनी एवं सहायक कम्पनी से क्या आशय है ? इसके गुण-दोषों का विवेचन कीजिए। मिश्रित चिट्ठा कैसे बनाया जाता है ? बताइए।

What do you understand by Holding Company and Subsidiary Company ? Discuss its advantages and disadvantages. How is consolidated Balance Sheet prepared ? Explain.